an>

title: Need to fix Minimum Support Price of Onion at Rs. 1000 per tonne and also provide remunerative price for Beans.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) ः मैं राजस्थान के किसानों की ज्वलंत समस्या की ओर माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी की संकल्पना ""ग्रामोदय से भारत उदय"" कार्यक्रमों के तहत मैं ग्रामीण क्षेत्रों में किसान गोष्ठियों में शामिल हुआ। किसानों का कहना था कि पिछले कई वर्षों से इस वर्ष सिंचाई वाले क्षेत्रों में प्याज की पैदावार ठीक हुई है। जब-जब पैदावार ठीक होती है मूल्य बहुत कम हो जाता है। इस वर्ष 450-500 रूपये क्विंटल के भाव से प्याज बिक रहा है एवं इससे किसान को घाटा हो रहा है। किसान को लागत मूल्य का आधा भी पैसा नहीं मिल पा रहा है एवं इस कारण किसानों में भारी रोष है।

इसी प्रकार से ग्वार जिसका पिछले तीन वर्ष पहले पच्चीस से तीस हज़ार रूपये प्रति क्विंटल मूल्य मिला था अब तीन हज़ार रूपये प्रति क्विंटल से भी कम हो गया है। अतः मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि हमारी सरकार ने एवं माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हितों में बहुत ही अच्छे निर्णय लिए हैं, जैसे प्राकृतिक प्रकोपों के नुकसान का मुआवजा राशि डेढ़ गुना करना, नुकसान की सीमा 50 प्रतिशत से 33 प्रतिशत करना, फसल बीमा योजना, वन ड्रॉप-मोर क्रॉप, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं नीम कोटेड यूरिया आदि। इन किसान हितैषी योजनाओं एवं निर्णयों के कारण देश के काश्तकार हृदय से आभारी मानते हैं। उसी शृंखला में मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि प्याज का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 1000/- प्रति क्विंटल पर खरीदने के आदेश अति शीघ्र जारी किये जाये ताकि प्याज उत्पादकों को लागत मूल्य मिल सके एवं ग्वार का भी उचित मूल्य दिलवाने की व्यवस्था कराएंÃ¬ एवं यदि ग्वार के निर्यात पर कोई रोक हो, तो उसे हटाकर काश्तकारों के हित में निर्णय लेने का कष्ट करायें।